# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **पहलगाम आंतकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमिटी की बैठक जारी, लिये जा सकते हैं बड़े फैसले। ।**
2. **आतंकवाद पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला जारी, भाजपा ने कांग्रेस लगाया गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने का आरोप, कांग्रेस ने कहा– देश को बयानबाजी नहीं, कार्रवाई का इंतजार।**
3. **आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं के नतीजे घोषित, वेबसाइट पर बढ़ी भारी ट्रैफिक, छात्रों को संयम बरतने की सलाह।**
4. **अक्षय तृतीया पर रांची समेत राज्यभर के मंदिरों में जारी है पूजा–अर्चना, देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धलुओं की उमड़ी भीड़।**
5. **26वीं राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ बालक–बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का चयन, कल टाटानगर से ओडिसा के लिए होगी रवाना।**

## अब समाचार विस्तार से

नयी दिल्ली में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी–सीसीएस की बैठक शुरू हो गई है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद हैं। सीसीएस की बैठक के तुरंत बाद कैबिनेट कमेटी ऑन पार्लियामेंट्री अफेयर्स की मीटिंग होगी। इसके बाद आर्थिक मामलों की कमेटी और केंद्रीय कैबिनेट की बैठक होगी।

*******************

पहलगाम आतंकी हमले के बाद राज्य में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

जवाब में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने कहा है कि केवल बयानबाजी से काम नहीं चलने वाला है। आंतकवाद के मुद्दे पर देश को कार्रवाई का इंतजार है।

*******************

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन– सीआईएससीई की तरफ से कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र ऑफिशियल वेबसाइट cisce.org पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। रिजल्ट जारी होते ही वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक देखने को मिल रहा है। छात्रों को सलाह दी गयी है कि वे संयम बनाए रखें।

*******************

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स 2025 कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

*******************

गिरिडीह सदर अस्पताल परिसर में संचालित एक मात्र ब्लड सेंटर रक्त की कमी से जूझ रहा है। जिले में दो सौ से अधिक थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे हैं, जिन्हें हर माह पांच से छह सौ यूनिट रक्त की जरूरत होती है। ऐसे में रेडक्रास सोसाइटी के सचिव अरविन्द कुमार ने सामाजिक संगठनों, फैक्ट्री संचालकों, उच्च शिक्षण संस्थानों व रक्तदाता समूहों से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाने की अपील की है।

******************

लातेहार जिले के बूढ़ापहाड़ इलाके में बच्चों को शिक्षित करने के लिए सीआरपीएफ ने अनोखी पहल शुरु की है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाताः

******************

आज सुबह के कारोबार में बेंचमार्क घरेलू इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी मिले–जुले वैश्विक संकेतों के बीच सपाट कारोबार कर रहे थे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सात अंकों की मामूली गिरावट के साथ 80,281 पर और एनएसई निफ्टी 50 चार अंकों की मामूली गिरावट के साथ 24,332 पर बंद हुआ। इससे पहले, दोनों सूचकांकों की शुरुआत सुस्त रुख के साथ हुई थी।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार 100 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

आज अक्षय तृतीया है। इस अवसर पर रांची समेत राज्य भर के विभिन्न मंदिरों में लोग पूजा अराधना कर रहे हैं। देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। पुरोहित जयदेव मिश्रा ने बताया कि आज के दिन किया गया धार्मिक अनुष्ठान का कभी छय नहीं होता।

******************

- झारखंड कैडर के छह नव प्रोन्नत आईएएस लंबी ट्रेनिंग पर जायेंगे। सभी छह आईएएस अधिकारी 5 मई से 13 जून तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में ट्रेनिंग करेंगे।
- डीजीपी अनुराग गुप्ता की पत्नी शिखा गुप्ता सहित अन्य आईपीएस अधिकारियों के फर्जी सर्टिफिकेट संबंधित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। अदालत ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।
- झारखंड विद्युत नियामक आयोग, जेबीवीएनएल आज नयी बिजली दर की घोषणा कर सकता है। बिजली की बढ़ी हुई दर कल से लागू होने की संभावना है।

******************

मौसम विभाग ने आज से दो दिनों तक आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले कई दिनों से अलग–अलग हिस्सों में हो रही बारिश से तापमान में भारी गिरावट आयी है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया प्री मानसून गतिविधियों के सक्रिय होने के कारण मौसम में बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि 10 मई तक लोगों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

******************

ओडिसा में दो से चार मई तक आयोजित होने वाली 26वीं राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ बालक–बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का गठन कर लिया गया है। टीम कल टाटानगर स्टेशन से ओडिसा के लिए रवाना होगी।

***********************

भारतीय महिला हॉकी टीम का कल पर्थ हॉकी स्टेडियम में आस्ट्रेलिया सीनियर टीम के साथ मुकाबला होगा। आस्ट्रेलिया सीनियर टीम के साथ भारत तीन मैच खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अपने पहले दो मैचों में हार झेलने के बाद भारत अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगा।

***********************

अगले साल सितंबर–अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों में क्रिकेट को भी शामिल किया जायेगा। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया, ओसीए ने इसकी घोषणा कर दी है। ओसीए की आधिकारिक वेबसाइट पर एक प्रेस नोट में कहा गया है कि क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आट्र्स को प्रतियोगिता में शामिल किया जाना तय है।

**********समाप्त*************